आपका स्वास्थ्य आपका भविष्य

सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट करवाएं

Hindi | हिन्दी



गर्भाशय ग्रीवा क्या है?

गर्भाशय ग्रीवा प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है। यह योनि के शीर्ष पर होता है और योनि को गर्भाशय (जिसे गर्भ भी कहा जाता है) से जोड़ता है।

एचपीवी क्या है?

ह्यूमन पेपिलोमावायरस (HPV) एक सामान्य वायरस है जो त्वचा से त्वचा के यौन संपर्क सहित यौन संपर्क के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। एचपीवी सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है।

गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर क्या है?

गर्भाशय ग्रीवा (cervix) का कैंसर एक गंभीर बीमारी है। **प्रारंभिक अवस्था में, इसका कोई लक्षण नहीं हो सकता है।** सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट किसी भी लक्षण के होने से पहले सर्वाइकल कैंसर का पता लगा सकता है।

परीक्षण जीवन रक्षक हो सकता है।

सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट क्या है?

सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट (जिसे पहले पैप स्मीयर टेस्ट कहा जाता था) आपके गर्भाशय ग्रीवा के स्वास्थ्य की जांच करने और एचपीवी के परीक्षण के लिए डॉक्टर या नर्स द्वारा किया जाता है।

परीक्षण त्वरित और **सुरक्षित** है। यह कभी-कभी असहज हो सकता है लेकिन दर्दनाक नहीं। यह कौमार्य को प्रभावित नहीं करता है। जब परीक्षण किया जा रहा होगा तो आपके निजी अंगों को ढका जाएगा।

आप :

- एक महिला डॉक्टर या नर्स के लिए **पूछ सकती हैं**
- दुभाषिया के लिए **पूछ सकती हैं**
- एक दोस्त या साथी / पति को साथ ले जा सकती हैं

मुझे परीक्षण कब करवाना चाहिए?

यदि आपकी आयु 25 वर्ष या उससे अधिक है और आपने कभी कोई यौन संपर्क किया है, तो परीक्षण के लिए डॉक्टर या नर्स के साथ अपॉइंटमेंट बुक करें।

जब तक आप 74 वर्ष के नहीं हो जाते, **तब तक आपको हर पांच साल में एक नियमित सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट** करवाना चाहिए। भले ही आपके पिछले परीक्षण का परिणाम अच्छा रहा हो, आपको अपना अगला परीक्षण बुक करने के लिए एक रिमाइंडर प्राप्त होना चाहिए।

एचपीवी वैक्सीन क्या है?

ऑस्ट्रेलिया में एक वैक्सीन है जो लोगों को एचपीवी और सर्वाइकल कैंसर से बचाने में मदद करती है।

लड़कों सहित सभी छात्रों को वर्ष 7 में एचपीवी टीका मुफ्त लगाया जा सकता है। टीका 6-12 महीने के अंतर से दो बार में लगाया जाता है। यदि आप माता-पिता या देखभालकर्ता हैं , तो आपको हस्ताक्षर करने के लिए एक पत्र प्राप्त होगा। यदि आप अपने बच्चे को टीका लगवाना चाहते हैं, तो हस्ताक्षर करने के बाद आप उसे स्कूल वापस भेज दें। यह टीका आपके बच्चे को एचपीवी से बचाने में मदद करेगा जब वे यौन गतिविधि शुरू करते हैं या शादी करते हैं।

यदि आपका बच्चा स्कूल में टीका लगवाने से चूक गया है, तब भी वे 19 वर्ष की आयु तक इसे मुफ्त में लगवा सकते हैं। यदि आप एक वयस्क के रूप में टीका लगवाना चाहते हैं, तो अपने डॉक्टर से पूछें।

यदि आपने एचपीवी वैक्सीन लगवा लिया है तब भी आपको 25 साल की उम्र से एक सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट करवाने की आवश्यकता है, क्योंकि यह टीका सभी प्रकार के एचपीवी से रक्षा नहीं करता है।

यह टीका सुरक्षित है, इससे कैंसर नहीं होता है और इससे भविष्य में बच्चे पैदा करने में समस्या नहीं होती है।

true
relationships & reproductive health

V1-20210513

सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट जीवन रक्षक हो सकता है

सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित 80% महिलाओं का कभी भी सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं हुआ है या उनका पिछले 5 वर्षों में सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं हुआ है।

त्वरित और सुरक्षित

स्वस्थ रहें अपने परिवार के लिए

सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कैसे किया जाता है?



चरण 1

डॉक्टर या नर्स योनि में एक **स्पेक्युलम** डालते हैं। फिर वे गर्भाशय ग्रीवा से कोशिकाओं/श्लेष्मा का एक नमूना लेने के लिए एक नरम छोटे **ब्रश** का उपयोग करते हैं और इसे परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला में भेजते हैं।

चरण 2

जब परिणाम तैयार हो जाएंगे, तो डॉक्टर या नर्स आपसे संपर्क करेंगे। यदि नहीं, तो अपने परिणाम के लिए क्लिनिक से संपर्क करें।

चरण 3

यदि डॉक्टर या नर्स आपको परिणाम प्राप्त करने के लिए मिलने के लिए आने के लिए कहते हैं, तो यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप उपस्थित हों।

यदि आपने कभी सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं कराया है या बहुत समय पहले टेस्ट कराया है तो आप अपना स्वयं का नमूना एकत्र कर सकती हैं। यदि आपका डॉक्टर या नर्स सहमत हैं, तो वे बताएंगे कि कैसे।

सर्वाइकल कैंसर से सबसे अच्छी सुरक्षा **हर 5 साल में सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट** करवाना है।

आप सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कहां करवा सकती हैं?

- डॉक्टर (जीपी) क्लिनिक। पूछें कि क्या वे "ब्ल्क बिल" (मुफ्त) करते है
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
- **ट्रू क्लिनिक** - ब्रिस्बेन, इप्सविच, टूवूम्बा, केर्न्स और रॉकहैम्प्टन में स्थित है

ट्रू क्लिनिक ब्रिस्बेन से संपर्क करें

07 3250 0200
clinicreception@true.org.au
true.org.au/clinic

सरवाइकल स्क्रीनिंग **महत्वपूर्ण** है।

true
relationships & reproductive health

V1-20210513